कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री ओमप्रकाश शर्मा पुत्र श्री कन्हैयालाल शर्मा, मकान नं0 210/7 बाबाजियों की छावनी के पास दौसा (राज0)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर), दौसा

अपील सं0 73/2017

निर्णय दिनांक 10.01.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर, दौसा को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर, दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/ सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर, दौसा द्वारा उनके पत्रांक आर0टी0आई0/2017/14 दिनांक 02.01.2018 द्वारा अवगत कराया कि प्रार्थी श्री ओमप्रकाश शर्मा द्वारा दिनांक 10.11.2017 को प्रस्तुत प्रा0 पत्र प्रभारी अधिकारी, संस्थापन, कलक्ट्रेट, दौसा को उनके पत्रांक 1118–1121 दिनांक 14.11.2017 को सूचना उपलब्ध करवाने हेतु भिजवाया गया। जिसके संदर्भ में प्रभारी अधिकारी, संस्थापन, कलक्ट्रेट, दौसा द्वारा उनके पत्रांक 6952 दिनांक 21.11.2017 को सूचना उपलब्ध करवाई गई थी। इस पर प्रार्थी द्वारा सूचना सही नहीं देने बाबत पुनः प्रा0 पत्र प्रस्तुत किया गया। पुनः प्रस्तुत प्रार्थना पत्र प्रभारी अधिकारी संस्थापन को भिजवाया गया। प्रभारी अधिकारी संस्थान द्वारा पुनः उनके पत्र क्रमांक:7227–7228 दिनांक 18.12.2017 द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवादी गई है। साथ ही लोक सूचना अधिकारी द्वारा अपने पत्र में वॉछित सूचना उपलब्ध करवाया जाना अंकित कर अपील निरस्त करने हेतु निवेदन किया गया है। पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आवेदक को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी हैं। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर,दौसा